# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (17 May)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-may-17

- **भारतीय फिल्म और टेलीविज़न संस्थान** (FTII), पुणे के पाँच पाठ्यक्रमों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) ने नवगठित **व्यावहारिक कला और शिल्प श्रेणी** में मंज़ूरी प्रदान की है। इस प्रकार FTII देश का पहला और एकमात्र संस्थान बन गया है, जिसे यह मान्यता मिली है। AICTE द्वारा मंज़ूर किये गए इन पाँच पाठ्यक्रमों में चार टेलीविजन (निर्देशन, इलेक्ट्रॉनिक सिनेमेटोग्राफी,वीडियो एडिटिंग और साउंड रिकॉर्डिंग) तथा एक फिल्म (फीचर फिल्म पटकथा लेखन) से संबंधित है। ज्ञातव्य है कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) ने जनवरी 2017 में FTII के छह PG डिप्लोमा फिल्म पाठ्यक्रमों को स्नातकोत्तर डिग्री की मान्यता दी है। इसके साथ FTII के सभी 11 पाठ्यक्रमों को या तो AIU या AICTE से मान्यता मिल गई है।
- दुनियाभर में **11 मई को विश्व प्रवासी पक्षी दिवस** के रूप में मनाया गया। यह दिवस वर्ष में दो बार- मई और अक्तूबर माह के दूसरे शनिवार को आयोजित किया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य प्रवासी पक्षियों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस वर्ष इस दिवस की थीम **Protect Birds: Be the Solution to Plastic Pollution!** रखी गई है। गौरतलब है कि पक्षियों का प्रवास एक अद्भुत प्राकृतिक प्रक्रिया है। विभिन्न प्रवासी पक्षी प्रवास के लिये सैकड़ों-हज़ारों मील की दूरी की यात्रा तय करते हैं और किसी जलस्रोत (Water Body) के किनारे 3-4 महीनों के लिये डेरा डालने के बाद वापस वहीं लौट जाते हैं, जहाँ से वे आते हैं।
- भारत की **जी.एस. लक्ष्मी** अंतर्राष्ट्रीय पैनल में चुने जाने वाली **ICC की पहली महिला मैच रेफरी** बन गई हैं। 51 वर्षीय लक्ष्मी घरेलू महिला क्रिकेट में 2008-09 के दौरान मैच रेफरी की भूमिका निभा चुकी हैं। इसके अलावा वह अब तक महिलाओं के तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में रेफरी रह चुकी हैं। भारत में एक क्रिकेटर और मैच रेफरी के रूप में जी.एस. लक्ष्मी का लंबा करियर रहा है। गौरतलब है कि उनसे पहले इसी महीने ऑस्ट्रेलिया की क्लेयर पोलोसक ने पहली बार पुरुष एकदिवसीय मैचों के लिये पहली महिला अंपायर की भूमिका निभाई थी। इस तरह से इस पैनल में महिलाओं की संख्या सात हो गई है। लॉरेन एगेनबाग, किम कॉटन, शिवानी मिश्रा, सू रेडफर्न, मैरी वाल्ड्रान और जैकलिन विलियम्स इस पैनल में शामिल अन्य महिला रेफरी/अंपायर हैं। इस पैनल में शामिल होने वाली पहली महिला अंपायर कैथी क्रास थी जिन्होंने पिछले साल संन्यास ले लिया था।
- हाल ही में सिंगापुर में **मंकीपॉक्स वायरस** का अब तक का पहला मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक नाइजीरियाई इस बीमारी के वायरस को लेकर आया, जो एक पार्टी में **बुशमीट** खाकर इस दुर्लभ वायरस के संपर्क में आया था। गौरतलब है कि **उष्णकटिबंधीय जंगलों** में भोजन के तौर पर खाए जाने वाले गैर-पालतू स्तनधारियों, सरीसृपों, उभयचरों और पक्षियों के मांस को बुशमीट कहते हैं। मध्य और पश्चिमी अफ्रीका के कुछ हिस्सों में महामारी का रूप ले चुके मंकीपॉक्स के मनुष्यों में मिलने वाले लक्षणों में स्ट्रोक, बुखार, मांसपेशियों में दर्द और ठंड लगना शामिल है।

- संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने वर्ष 2020 में होने वाला **उच्चस्तरीय महासागर सम्मेलन** 2 से 6 जून तक पुर्तगाल के लिस्बन में आयोजित करने का फैसला किया है। इस सम्मेलन का आयोजन महासागरों, समुद्रों और समुद्री संसाधनों के सतत् उपयोग को बढ़ावा देने के लिये किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि **सतत् विकास लक्ष्य 14** के कार्यान्वयन, सतत विकास के लिये महासागरों, समुद्रों और समुद्री संसाधनों का संरक्षण और निरंतर उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह उच्चस्तरीय संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन आयोजित किया जाना है। UNGA ने यह भी फैसला किया है कि सम्मेलन में सभी संबंधित प्रक्रियाओं को अमल में लाने के लिये सरकारों, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली, अंतर-सरकारी संगठनों को एक साथ लाया जाएगा।
- लगभग 35 हज़ार सहकारी संघों के संगठन **इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइज़र को-ऑपरेटिव लिमिटेड (IFFCO)** की 48वीं आमसभा की बैठक के दौरान 21 निदेशकों का चुनाव किया गया। इसके बाद इन निदेशकों ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन किया, जिसमें तीन दशक से सहकारिता आंदोलन से जुड़े **बलविंदर सिंह नकई** को अध्यक्ष तथा गुजरात के अमरेली से 4 बार सांसद रहे पूर्व मंत्री **दिलीप संघानी** को उपाध्यक्ष चुना गया। इफ्को दुनिया की सबसे बड़ी फर्टिलाइज़र को-ऑपरेटिव मानी जाती है। इफ्को ने वित्तीय वर्ष 2018-19 में 27852 करोड़ रुपए का कारोबार किया। IFFCO अपने पाँच संयंत्रों में उर्वरक का उत्पादन करती है। वित्तीय वर्ष  2018-19 में इसने 81.49 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का उत्पादन किया। विश्व की शीर्ष 300 सहकारी समितियों (GDP पर प्रति व्यक्ति आधार पर कारोबार) में इफ्को पहले स्थान पर है।
- सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस **ए.के. सीकरी को न्यूज़ ब्रॉडकास्टिंग स्टैंडर्ड अथॉरिटी (NBSA)** का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। वह 26 मई से अपना कार्यभार संभालेंगे। रिटायर्ड जस्टिस ए.के. सीकरी वर्तमान चेयरपर्सन रिटायर्ड जस्टिस आर.वी. रविंद्रन का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 25 मई को पूरा हो रहा है। आपको बता दें कि NBSA 24 घंटे समाचार प्रसारित करने वाले NBA के सदस्य चैनलों के स्वनियमन से जुड़ा एक स्वतंत्र निकाय है, जो NBA के किसी भी तरह के हस्तक्षेप से पूरी तरह मुक्त है।
- क्रोएशिया की विश्व कप टीम के सदस्य और पूर्व मैनेजर **इगोर स्टिमैक** को भारतीय फुटबॉल टीम का नया कोच नियुक्त किया है। अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (AIFF) ने उनके साथ दो साल का अनुबंध किया है। स्टिमैक इससे पहले क्रोएशिया की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम को को 15 महीने तक प्रशिक्षण दे चुके हैं। वह स्टीफन कॉन्सटेन्टाइन की जगह लेंगे। 1998 में तीसरे स्थान पर रही क्रोएशियाई टीम के सदस्य 51 वर्षीय स्टिमैक का चयन तकनीकी समिति ने किया । उनके अलावा अलबर्ट रोसा, ली मिंग-सुंग और हकन एरिक्सन भी कोच पद के दावेदार थे।